**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा ने 39वां स्थापना दिवस मनाया, सीएमडी ने इरेडा की उपलब्धियों और विकास के बारे में प्रकाश डाला

नई दिल्ली, 11 मार्च 2025



भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली स्थित अपने व्यवसाय केंद्र में अपना 39वां स्थापना दिवस मनाया, जोकि अक्षय ऊर्जा के वित्तपोषण को आगे बढ़ाने के लिए अपनी 38 वर्षों की यात्रा का प्रतीक है। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इरेडा की उल्लेखनीय यात्रा के बारे में विचार व्यक्त किए।

इरेडा के सीएमडी ने प्रतिष्ठित 'नवरत्न' का दर्जा प्राप्त करने, रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन और हरित ऊर्जा के लिए वित्तपोषण के बारे में रणनीतिक पहल सहित कंपनी की हालिया उपलब्धियों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने इरेडा की मजबूत वित्तीय वृद्धि के बारे जोर दिया,तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों के लिए कर पश्चात लाभ में 31% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ ₹1,197 करोड़ रुपए और 31 दिसंबर 2024 के अनुसार ऋण बुक में 36% वृद्धि के साथ ₹68,960 करोड़ के बारे में उल्लेख किया।

श्री दास ने सभी प्रमुख घरेलू रेटिंग एजेंसियों से एएए (स्थिर) रेटिंग और एस एंड पी ग्लोबल से संप्रभु-समतुल्य बीबीबी- (स्थिर) अंतरराष्ट्रीय रेटिंग जैसे प्रमुख मील के पत्थर के बारे में भी रेखांकित किया। उन्होंने ग्रीन फाइनेंसिंग क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए क्यूआईपी के माध्यम से ₹5,000 करोड़ तक के फंड जुटाने के लिए शेयरधारकों से हाल ही में मिली मंजूरी के बारे में भी प्रकाश डाला।



भविष्य की ओर देखते हुए, सीएमडी ने इरेडा की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित किया, जिसमें गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड का पंजीकरण शामिल है, और खुदरा अक्षय ऊर्जा व्यवसाय को संचालित करने के लिए एक खुदरा सहायक कंपनी स्थापित करने की योजना है। उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, तथा यह देखते हुए कि इरेडा को लगातार चौथे वर्ष भी एमओयू प्रदर्शन में 'उत्कृष्ट' रेटिंग मिली है।

श्री दास ने माननीय, केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी; माननीय, विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक; एमएनआरई की सचिव, श्रीमती निधि खरे; मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों; तथा निदेशक मंडल को उनके निरंतर समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कर्मचारियों की समर्पण भावना की सराहना करते हुए अपने संदेश का समापन किया तथा उनसे भारत में स्वच्छ ऊर्जा के परिवर्तन के लिए तेजी लाने के लिए इरेडा के मिशन को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।